# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर तेलंगाना में मनोहराबाद और सिद्दीपेट के बीच नई रेलवे लाईन का करेंगे लोकार्पण।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज प्रोजेक्ट भवन में सैंतालीस नव चयनित सहायक अभियंताओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।
- राज्य में पिछले 24 घंटे में डेंगू के आठ नए मरीज मिले, सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर हुई इक्यासी।
- एशियाई खेल में पदक तालिका में भारत 13 स्वर्ण, 24 रजत और 24 कांस्य पदकों के साथ कुल 61 पदक के साथ चौथे स्थान पर है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर तेलंगाना में मनोहराबाद और सिद्दीपेट के बीच नई रेलवे लाईन का लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी धर्माबाद और मनोहराबाद के बीच रेलवे लाईन के विद्युतीकरण का भी लोकार्पण करेंगे। वे तेलंगाना के निजामाबाद से आंध्र प्रदेश के महबूब नगर और करनूल की रेलवे लाईन के विद्युतीकरण का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री निजामाबाद में आठ हजार करोड रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। वे रामगुण्डम में एन.टी.पी.सी. के आठ सौ मेगावाट बिजली घर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह अत्याधुनिक बिजलीघर छह हजार करोड रुपये की लागत से तैयार किया गया है और यहां उत्पादित 85 प्रतिशत बिजली कम लागत पर राज्य में ही उपयोग की जाएगी।

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज नगर विकास एवं आवास विभाग में नव नियुक्त 47 सहायक अभियंता और वाणिज्य कर विभाग में नवनियुक्त लिपिकीय सेवा संवर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। नियुक्त पत्र वितरण समारोह का आयोजन प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में किया जाएगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वित मंत्री रामेश्वर उरांव और श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थित रहेंगे।

**********************

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं आत्म शासकीय निकाय के जिलस्तरीय कार्यशाला में बोकारो के किसानों को कृषि के क्षेत्र में बेहतर विकल्प की जानकारी दी गई। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

साहिबगंज जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न गांव में ग्राम सभा में वन अधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योजनाओं के चयन में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी जनप्रतिनिधि मुखिया प्रधान एवं ग्रामीणों ने मिलकर महात्मा गाँधी की जयन्ती के पावन अवसर पर सभी ग्रामवासी ने यह शपथ लिया कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम–स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन – पुनर्गठन करेंगे तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने के लिए उनके दावा पर नियम के अनुसार अनुशंसा करेंगे।

**********************

देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया पंचायत के बुढ़वाकुरा गांव के संथाली टोला में वनाधिकार विषयक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त विशाल सागर ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के माध्यम से जंगल में निवास करने वाले लोगों को वन पट्टा देने का कार्य किया जाएगा, जिससे उन्हें वन क्षेत्र में अधिकार प्राप्त हो सकेगा। अक्टूबर से अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान चलेगा।

**********************

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने कल आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया– आईएसआईएस के आतंकी मोहम्मद शहनवाज को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मोहम्मद शहनवाज मूल रूप से हजारीबाग का रहने वाला है। उसपर एनआईए ने तीन लाख रूपये का इनाम घोषित कर रखा था। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त एच एस ढ़ालीवाल के अनुसार इनके पास से आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है। गिरफ्तार मोहम्मद शहनवाज पेशे से इंजीनियर है। इन दिनों वह अपने परिवार के साथ पूणे में रह रहा था।

**********************

राज्य में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज हैं। कल राज्य में डेंगू के आठ नए मरीज मिले हैं। सभी मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले के हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 157 संदिग्ध मरीज मिले थे। इनमें सबसे ज्यादा 119 संदिग्ध पूर्वी सिंहभूमि जिले के थे। जांच के उपरांत आठ में डेंगू की पुष्टि हुई। वहीं चिकनगुनिया के 13 संदिग्ध मरीज मिले। ये सभी मरीज देवघर जिले के हैं। हालांकि जांच के बाद किसी में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई।

**********************

चीन के हांगचोओ में हो रहे एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत को कल 3 रजत और 4 कांस्य पदक हासिल हुए। भारतीय खिलाड़ी आज कई खेल स्पर्धाओं में अपना पदक सुनिश्चित करेंगे। पदक तालिका में भारत 13 स्वर्ण, 24 रजत और 24 कांस्य पदकों के साथ कुल 61 पदक के साथ चौथे स्थान पर है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन करने के लिए भारतीय खिलाडियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया पर अनेक संदेश पोस्ट करते हुए एशियाई खेलों में महिलाओं की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर प्रीति लांबा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रीति लांबा की अटूट दृढ़ता और निश्चित संकल्प प्रेरणा की किरण के रूप में चमक रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मोहम्मद अजमल, विद्या रामराज, राजेश रमेश और वेकटेसन शुभा को चार गुणा चार सौ मीटर मिक्स्ड रिले स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए भी बधाई दी।

**********************

गोड्डा जिले में उत्पाद विभाग ने बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने देर रात मेहरमा पुलिस की मदद से मेहरमा बाईपास के कई ढाबों में छापेमारी की। हमारे संवाददाता ने बताया कि ढाबों में शराब पीने वाले व्यक्ति एवं ढाबा मालिकों को गिरफ्तार किया गया। गांधी जयंती के मौके पर यहां शराब पिलाने की शिकायत मिली थी। पथरगामा थाना के बारकोप मोड एवं खैरबन्नी मोड़ के बीच एन एच 133 के किनारे भी होटल में छापेमारी कर शराब को जप्त किया गया।

**********************

कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र के उरवां में गौरी पुल के समीप वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जयनगर के सांथ निवासी जोहीत कुमार और मोहसिन अंसारी एक बाइक पर सवार होकर हजारीबाग परीक्षा देने जा रहे थे।

**********************

झारखंड के अधिकांश जिलों में पिछले 48 घंटे से रूक रूक कर बारिश हो रही है। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ भारी बारिश की संभावना जतायी गई है। मौसम विभाग ने पांच अक्टूबर तक ज्यादातर इलाकों में बारिश की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त**************